छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक / 4123/ 23 / विज्ञापन / 2023

नवा रायपुर, दिनांक **24 / 11 / 2023**

संक्षिप्त विज्ञापन
राज्य सेवा परीक्षा - 2023

(1) छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों से प्राप्त मांग–पत्रों के आधार पर राज्य सेवा परीक्षा–2023 के कुल **242** रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन क्रमांक 11 / 2023 / परीक्षा / दिनांक 26.11.2023 जारी किए गए हैं। छत्तीसगढ़ संवाद के समाचार पत्र **"रोजगार और नियोजन"** के अंक दिनांक 29.11.2023 में विज्ञापन एवं अन्य जानकारी प्रकाशित है।

(2) उपरोक्त विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, शुल्क, निर्देश, राज्य सेवा परीक्षा नियम, परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी "रोजगार और नियोजन" के अंक दिनांक **29 / 11 / 2023** में देखे जा सकते हैं।

(3) उपर्युक्त पद हेतु आवेदकों की अर्हता निर्धारण के लिए उच्चतर आयु एवं आयु में छूट की गणना की निर्धारित तिथि **1 जनवरी 2023** है, जिसके संदर्भ में ही आयु की गणना की जाएगी।

(4) **राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 11 / 02 / 2024 पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा अपरान्ह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी।**

(5) ऑनलाइन आवेदन **दिनांक 01 / 12 / 2023 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 30 / 12 / 2023 रात्रि 11:59 बजे तक** किया जा सकता है।

(6) आयोग के वेब–साईट **www.psc.cg.gov.in** में भी विज्ञापन एवं विस्तृत जानकारी देखा जा सकता है।

(7) **आवदेक, उपरोक्त पदों हेतु आयोग के विज्ञापन क्र. 11 / 2023 / परीक्षा / दिनांक 26 / 11 / 2023 प्रकाशन दिनांक 29 / 11 / 2023 में उल्लेखित कंडिकाओं के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करें।**

(8) रोजगार और नियोजन का उक्त अंक छत्तीसगढ़ संवाद के निम्न पते से भी प्राप्त किया जा सकता है:– संपादक, रोजगार और नियोजन, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ दूरभाष 0771–2512567.

सही / –
सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर अटल नगर